SET-4

**Series 1EGFH**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **38**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक)
# PAINTING (Theory)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **30***

*Time allowed : **2** hours* — *Maximum Marks : **30***

*सामान्य निर्देश:*

*(i)* ***खण्ड क*** *: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

*(ii)* ***खण्ड ख*** *: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।*

*(iii)* ***खण्ड ग*** *: किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।*

## खण्ड क

*दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :* *8×1=8*

**1.** (क) निम्नलिखित में से कौन-सा ड्राइंग में इस्तेमाल किया जाने वाला सूखा माध्यम है ?

(A) जलरंग

(B) पेंसिल रंग

(C) पोस्टर रंग

(D) स्याही

(ख) रंगों के तीन प्रमुख गुण कौन-से हैं ?

(A) रंग/मान/तीव्रता

(B) बोतल/ट्यूब/पेंसिल

(C) हल्का/गहरा/काला

(D) ट्यूब/पेंसिल/चाक

(ग) बड़ी सतह पर रंग लगाने के लिए किस प्रकार का ब्रश उत्तम होता है ?

(A) बिना बालों वाला ब्रश

(B) पतला गोल ब्रश

(C) पतला पंखा/कोणीय (कटा) ब्रश

(D) सपाट बड़ा ब्रश

***General Instructions :***

*(i)* **Section A** *: Attempt all questions. Each question carries 1 mark.*

*(ii)* **Section B** *: Attempt all questions. Each question carries 2 marks.*

*(iii)* **Section C** *: Attempt any* **2** *questions. Each question carries 6 marks.*

## Section A

*Select the correct answer from the given options :* *8×1=8*

**1.** (a) Which of the following is a dry medium used in drawing ?

(A) Watercolours

(B) Pencil colours

(C) Poster colours

(D) Ink

(b) What are the three main properties of colours ?

(A) Hue/Value/Intensity

(B) Bottle/Tube/Pencil

(C) Light/Dark/Black

(D) Tube/Pencil/Chalk

(c) Which brush is best for covering large areas with paint ?

(A) Brush without bristles

(B) Thin round brush

(C) Thin fan/angular brush

(D) Flat big brush

(घ) सिंह शीर्ष मूलत: किस प्रकार की संरचना के ऊपर लगाया गया था ?

(A) एक मंदिर

(B) एक स्तम्भ

(C) एक स्तूप

(D) एक किला

(ङ) वह सतह क्या कहलाती है जिस पर चित्रकार रंगों को निकालकर मिश्रित करता है ?

(A) ईजल

(B) ड्राइंग बोर्ड

(C) पैलेट

(D) ब्रश

(च) कौन-सा 'कला का तत्त्व' सामग्रियों (वस्तुओं) की सतह की गुणवत्ता को बताता है ? यह किसी वस्तु की सतह का वास्तविक अनुभव है (अर्थात् वह कैसे महसूस होती है)।

(A) बिंदु

(B) बुनावट

(C) रेखा

(D) संतुलन

(छ) यह रंग माध्यम अत्यधिक अपारदर्शी व चमकदार होता है, जिसे पानी में मिलाकर आवश्यकता के अनुरूप गाढ़ा व पतला किया जा सकता है।

(A) पेंसिल रंग

(B) जलरंग

(C) पोस्टर रंग

(D) तैलीय रंग

(d) The Lion Capital was originally placed on top of what kind of structure ?

(A) A temple

(B) A pillar

(C) A stupa

(D) A fort

(e) A surface on which a painter takes out paints and mixes them is called :

(A) Easel

(B) Drawing board

(C) Palette

(D) Brush

(f) What is the 'element of art' which reflects the surface quality of materials ? It is the way the surface of an object actually feels.

(A) Point

(B) Texture

(C) Line

(D) Balance

(g) This colour medium is highly opaque and vibrant, can be mixed in water to form required consistency.

(A) Pencil colours

(B) Watercolours

(C) Poster colours

(D) Oil colours

(ज) कैलाशनाथ मंदिर को मुख्यतया किससे बनाया गया है ?

(A) ईंट व मसाले से

(B) रत्नों व बलुआ पत्थर से

(C) एक ही चट्टान (पत्थर) को काटकर

(D) लकड़ी और प्लास्टर से

## खण्ड ख
## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

*इन प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित हैं।* *5×2=10*

**2.** (क) संतुलन क्या है ? तीन प्रकार के मुख्य संतुलन कौन-से हैं ?

**अथवा**

(ख) संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

- कलाकृति में "बल" के प्रयोग का क्या महत्त्व है ?
- हम कलाकृति में लय/गति कैसे ला सकते हैं ?

**3.** (क) संक्षेप में स्पष्ट कीजिए कि सिंह शीर्ष की संरचना किस प्रकार एकता और ताकत का संदेश देती है।

**अथवा**

(ख) 'बोधिसत्व पद्मपाणि' चित्र में रंग और भाव का प्रयोग कलाकृति की समग्र मनोदशा और संदेश में कैसे योगदान देता है ?

**4.** (क) संयोजन/कलाकृति में 'स्थान' का क्या महत्त्व है ? सकारात्मक व नकारात्मक स्थान का संक्षिप्त विवरण देते हुए व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

(ख) "रेखाएँ प्रभावों व भावनाओं की विविधता उत्पन्न करती हैं।" इस कथन की पुष्टि चार उदाहरण देकर कीजिए।

(h) With what was the Kailashnath temple primarily constructed ?

(A) Brick and mortar

(B) Gemstones and sandstone

(C) Carved out of a single rock

(D) Wood and plaster

**Section B**

**(Short-answer Type Questions)**

*Answers to these questions are expected in around 100 words.* *5×2=10*

**2.** (a) What is Balance ? What are the three main types of balance ?

**OR**

(b) Explain in brief :

- What is the use of creating "Emphasis" in an artwork ?
- How can we bring rhythm/movement in an artwork ?

**3.** (a) Explain in brief how the structure of the Lion Capital conveys a message of unity and strength.

**OR**

(b) How does the use of colour and expression in the 'Bodhisattva Padmapani' painting contribute to the overall mood and message of the artwork ?

**4.** (a) How is 'space' important in a composition/artwork ? Explain by giving a brief on positive and negative space.

**OR**

(b) "Lines create a variety of effects and emotions." Justify the statement through four examples.

5. अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए कि अपनी कलाकृति में निम्नलिखित में से किसी भी माध्यम को इस्तेमाल करने के चार मुख्य लाभ क्या हैं।

(क) ऑयल पेस्टल

**अथवा**

(ख) पोस्टर रंग

6. "लोक कलाएँ केवल कलात्मक अभिव्यक्ति के रूप नहीं हैं, अपितु इनका अभ्यास करने वाले समुदायों की सांस्कृतिक पहचान का भी अभिन्न अंग हैं।" निम्नलिखित में से किसी **एक** लोक कला का संक्षिप्त विवरण देते हुए कथन की पुष्टि कीजिए। अपने उत्तर में उसके उद्‌गम के राज्य को शामिल कीजिए।

(क) मधुबनी पेंटिंग

**अथवा**

(ख) वर्ली पेंटिंग

## खण्ड ग
## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

*दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित हैं।* $2 \times 6 = 12$

7. कला के दो 'सिद्धान्तों' (नियमों) व दो 'तत्त्वों' की व्याख्या कीजिए जिन्हें आप सबसे महत्त्वपूर्ण मानते हैं। अपने उत्तर के चयन का कारण बताते हुए यह भी वर्णन कीजिए कि ये सिद्धान्त और तत्त्व किसी कलाकृति के समग्र प्रभाव को कैसे प्रभावित करते हैं।

8. जलरंग एक ऐसा माध्यम है जो अपने प्रकाश व फैलाव की क्षमता के लिए जाना जाता है। यह रंग किसी और माध्यम की तुलना में आराम से घुलते और फैलते हैं।

- जलरंग की किन्हीं तीन विधियों पर संक्षिप्त लेख लिखिए।
- जलरंग पेंटिंग बनाने के लिए आप किन तीन उपकरणों का उपयोग करेंगे और क्यों, इसके बारे में संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

5. Explain in your own words what are the four main advantages of using any of the following as a medium of your art.

(a) Oil Pastels

**OR**

(b) Poster colour

6. "These folk arts are not just forms of artistic expressions, but are also integral to the cultural identity of the communities that practice them." Justify the statement by giving a brief description of any ***one*** of the following folk art. Include the State of origin in your answer.

(a) Madhubani paintings

**OR**

(b) Warli paintings

## Section C

## (Long-answer Type Questions)

*Attempt any **two** questions from the given questions. Answers to these questions are expected in around 200 words.* $2 \times 6 = 12$

7. Explain which two principles of art and which two elements of art do you consider most important. Provide reasons for your choices by describing how these principles and elements influence the overall impact of an artwork.

8. Watercolour as a medium is renowned for its capacity to evoke lightness and fluidity, allowing colours to blend and flow in ways that other paints cannot easily replicate.

- Write a short note on any three watercolour techniques.
- Explain in brief about any three tools you will use to create a watercolour painting and why.

**9.** नीचे दिया गया चित्र प्राचीन भारत के एक महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक प्रतीक को दर्शाता है।

अपने अवलोकन व अध्ययन के आधार पर, अपने पाठ्यक्रम से इस प्रतीक को पहचानिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

- इस प्रतीक का नाम लिखिए और बताइए कि यह किस गुफा में स्थित है।
- किन्हीं पाँच वास्तुकला/धार्मिक विशेषताओं का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए जो इस मंदिर को विशेष बनाती हैं।



**9.** The image given below shows a significant cultural landmark of ancient India.

On the basis of your observation and study, identify this landmark from your syllabus and answer the following questions :

- Write the name of this landmark and the cave it is located in.
- Describe in detail any five architectural/religious features that make this temple unique.

